बी० ए० आनर्स वेद प्रथम सेमेस्टर

विषय – वेद

पेपर कोड - HVL – C102 ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका

नोट -: प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभक्त है। दोनों खण्ड अनिवार्य है। निर्देशानुसार प्रश्नों का उत्तर १५० शब्दों में दीजिए।

खण्ड 'अ' – लघु उत्तरीय प्रश्न

नोट : - किन्ही पाँच प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 06 अंक का है – (5x6 = 30)

प्रश्न 1 – ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका नामक ग्रन्थ के ग्रन्थकर्ता का संक्षिप्त परिचय दीजिये॥

प्रश्न 2 – ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका ग्रन्थ के नामकरण पर टिप्पणी लिखिये।

प्रश्न 3 – 'यज्ञो वै विष्णुः' इस सूक्ति की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिये।

प्रश्न 4 – तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे।

छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत॥ भावार्थ स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न 5 – एवं वा अरेऽस्य......... इस कण्डिका को पूरा करते हुए भावार्थ स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न 6 – वेदोत्पत्ति में कितना समय व्यतीत हुआ ? स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न 7 – वेद किन का नाम है और किस-किस ऋषि के अन्तःकरण में प्रादुर्भूत हुए संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

प्रश्न 8 – संगच्छध्वं सं वदध्वं........ मन्त्र को पूर्ण करते हुए भावार्थ स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न 9 – ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्............ मन्त्र को पूर्ण करते हुए अर्थ स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न 10– 'विद्वांसो ही देवाः' की व्याख्या कीजिये।

खण्ड 'ब'

॥ दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ॥

नोट :- किन्ही चार प्रश्नों का उत्तर दीजिये । प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है - (4×10 = 40)

प्रश्न 1 – महर्षि दयानन्द द्वारा प्रतिपादित वर्ण-व्यवस्था पर सप्रमाण निबन्ध लिखिये ।

प्रश्न 2 – आश्रम किसे कहते है ? कितने आश्रम होते हैं ? उनके कर्त्तव्यों पर प्रकाश डालिये ।

प्रश्न 3 – उपासना का अर्थ स्पष्ट करते हुए ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका के अनुसार सप्रमाण उपासना-विषय का प्रतिपादन कीजिये ।

प्रश्न 4 – उपासना विषयक नियमों पर विस्तृत प्रकाश डालिये ।

प्रश्न 5 – वेदसंज्ञा-विचार पर सप्रमाण एक निबन्ध लिखिये ।

प्रश्न 6 – वेदोक्त-धर्म पर सप्रमाण प्रकाश डालिये ।

प्रश्न 7 – वेदोत्पत्ति में ईश्वर का क्या प्रयोजन है ? स्पष्ट कीजिये ।

प्रश्न 8 – समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः ।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुहासति ॥ प्रसंग तथा सन्दर्भ सहित व्याख्या किजिये ॥